नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 348, पृष्ठ 12)
कार्तिक, शुक्ल अष्टमी संवत् 2083
मंगलवार, 17 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	14.0°	31.0°
इंदौर	15.0°	31.0°
जबलपुर	13.0°	31.0°
ग्वालियर	14.0°	30.0 °
सागर	15.0°	30.0 °



राजधानी... छठ पूजा में दिखता है भारतीय संस्कृति का जीवंत...



व्यापार... सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट, सोना 135670 रुपए...



खेल... जय शाह लगातार दूसरी बार निर्विरोध आईसीसी अध्यक्ष...



देश-विदेश... इजरायल के पास 90 परमाणु बम, बना रहा ...

खास-खबरें

फुकेट द्वीप में आग, 11 लोगों की मौत

बैंकॉक, एजेंसी: थाईलैंड के फुकेट द्वीप पर सोमवार तड़के एक इमारत में भीषण आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। इमारत के भूतल पर मोटरसाइकिल किराये पर देने की दुकान थी और ऊपरी मंजिलों पर लोग रहते थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह करीब दो बजे लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग लगने से कुछ समय पहले पास के बिजली ट्रांसफॉर्मर में धमाका हुआ था। पुलिस आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है। मृतकों में किसी विदेशी नागरिक के शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है।

इमरान ने कहा- शायद अब जिंदा वापस न लौटूं

इस्लामाबाद, एजेंसी: पाकिस्तान की अदियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के न्यायाधीशों को पत्र लिखकर चिकित्सकीय सहायता की मांग की है। उन्होंने अपनी स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि शायद वह अब जीवित वापस न लौटें। इमरान खान ने पत्र के माध्यम से अपनी स्वास्थ्य जांच और उचित उपचार की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई है।



न्यायालय की कार्यवाही का ध्वनि और दृश्य प्रसारण बंद किया गया

सीजेआई से बोला वकील-आप इस कुर्सी पर बैठने के योग्य नहीं!

सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और एक अधिवक्ता के बीच तीखी बहस हो गई। अधिवक्ता अपने खिलाफ चल रहे अवमानना मामले में जल्द सुनवाई चाहते थे। मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें कुछ समय इंतजार करने को कहा तो अधिवक्ता नाराज हो गए। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वे इस पद पर बैठने के योग्य नहीं हैं और उनमें ईमानदारी नहीं है।

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। अधिवक्ता ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना अपना मामला रखने के लिए पहले माफी मांगी थी। इस पर न्यायमूर्ति मोहना ने उन्हें प्रक्रिया के अनुसार मामला रखने की सलाह दी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उनका आवेदन देखा जाएगा और उन्हें थोड़ा इंतजार करना चाहिए। इसके बाद अधिवक्ता ने नाराजगी जताई। घटना के बाद न्यायालय की कार्यवाही का ध्वनि और दृश्य प्रसारण बंद कर दिया गया। वहां मौजूद अधिवक्ताओं के अनुसार, सुरक्षाकर्मी संबंधित वकील को न्यायालय कक्ष से बाहर ले गए। अन्य अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश से उनके व्यवहार पर कार्रवाई की मांग की। हालांकि, आगे की कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई। इससे पहले जुलाई में भी एक याचिकाकर्ता ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ न्यायालय में अभद्र टिप्पणी की थी। वहीं, अक्टूबर 2025 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया गया था। उस घटना के बाद संबंधित अधिवक्ता को बार काउंसिल ने वकालत से निलंबित कर दिया था।

बिलकिस बानो केस: दो की सजा निलंबित



नई दिल्ली: सर्वोच्च न्यायालय ने बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दो दोषियों बिपिनचंद्र जोशी और प्रदीप मोधिंया को जमानत दे दी है। न्यायालय ने दोनों की सजा निलंबित करते हुए कहा कि वे 17 वर्ष से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं। इनमें से एक दोषी गंभीर रूप से दिव्यांग है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने दोनों की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। दोनों दोषियों ने बंबई उच्च न्यायालय के 2017 के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी गई थी।

विपक्ष ने सवाल पूछने सुप्रीम कोर्ट से मांगी अनुमति



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, दोनों चुनाव आयुक्तों और सूचना प्रौद्योगिकी महानिदेशक से सवाल पूछने की अनुमति मांगी है। इसके लिए नेताओं ने 48 सवाल तैयार किए हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित मतदाता अनियमितताओं से जुड़ी चिंताओं पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। प्रमुख सवालों में देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करने का निर्णय कब और किसके द्वारा लिया गया, इसकी संबंधित फाइल कौन-सी है और 26 अक्टूबर के जवाबी हलफनामे को किस प्रक्रिया से मंजूरी दी गई, शामिल हैं। इसके अलावा चुनाव आयुक्तों की लिखित आपत्तियों, बहुमत से लिए गए फैसलों और मतदाता सूची के आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं ने पूछा है कि क्या निजी ठेकेदारों के कर्मचारियों को मतदाता सूची के आंकड़ों में बदलाव का अधिकार दिया गया था।

आसियान भोज में पहुंचे, आज ट्रंप से होगी मुलाकात

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने किया मोदी का स्वागत



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर की ओर से आयोजित आसियान विशेष रात्रिभोज में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री फिलीपींस की पारंपरिक पुरुष पोशाक 'बारोंग टैगलॉग' पहने नजर आए। वे समारोह स्थल तक विशेष रूप से तैयार किए गए तिपहिया वाहन से पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को मनीला पहुंचे थे। हवाई अड्डे पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने फिलीपींस में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी मुलाकात प्रस्तावित है। दोनों नेता भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह क्वाड की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। करीब दो वर्ष बाद चारों देशों के नेताओं की यह पहली आमने-सामने की बैठक होगी। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में यह पहली क्वाड नेताओं की बैठक भी होगी। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और उससे जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है।*

शहडोल में बनेगा नया औद्योगिक पार्क: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने की घोषणा, 357 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात



नईदुनिया ब्यूरो, शहडोल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को ब्यौहारी में आयोजित जनजातीय गौरव सप्ताह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शहडोल जिले के लिए 357.71 करोड़ रुपये के 82 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 8.64 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 10 कार्यों का लोकार्पण और 349.07 करोड़ रुपये के 72 कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान शहडोल में नया औद्योगिक पार्क, डिजिटल पुस्तकालय और आधुनिक सुविधाओं से युक्त सभागार बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल में औद्योगिक पार्क बनने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। अगले महीने जिले में चार हजार करोड़ रुपये की लागत वाली नई औद्योगिक इकाई का भूमिपूजन भी किया जाएगा। उन्होंने कटनी से सिंगरौली तक चार लेन सड़क बनाने, ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में 18 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क और हनुमान मंदिर तक पहुंच मार्ग बनाने की भी घोषणा की। संजय टाइगर रिजर्व के लिए नया प्रवेश द्वार बनाने तथा हाथियों के सर्वेक्षण के लिए विशेष दल भेजने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया और जनजातीय संस्कृति, परंपराओं तथा वीरता पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए संघर्ष किया तथा मात्र 25 वर्ष की आयु में देश और समाज के लिए बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाणपत्र और सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब तक 85 हजार पदों पर भर्ती कर चुकी है और आगे दो लाख पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

सेना को बाहरी से ज्यादा अंदरूनी लोगों से खतरा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित ने कहा है कि भारतीय रक्षा क्षेत्र के लिए विदेशी जासूसी नेटवर्क से अधिक खतरा अंदरूनी लोगों के माध्यम से सूचनाएं लीक होने का है। विदेशी जासूस अब केवल हनी ट्रैप तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साइबर हमलों और अन्य तरीकों से संवेदनशील जानकारियां हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने बताया कि जासूसी के लिए सामाजिक माध्यमों पर प्रेमजाल में फंसाने, बहुस्तरीय विपणन और कर्ज के जाल जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में हनी ट्रैप के चार मामले सामने आए हैं। इनमें नौसेना के दो जवान, वायुसेना का एक विंग कमांडर और एक पूर्व सैनिक शामिल हैं।

फर्जी दस्तावेज से बन बैठा था अतिरिक्त निदेशक, जालसाजी का केस दर्ज

आरटीआई कार्यकर्ता की सजगता से हुआ फर्जीवाड़ा का पर्दाफाश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: फर्जी दस्तावेज के माध्यम से एक शख्स अघोषित रूप से मध्य प्रदेश अभियोजन का अतिरिक्त निदेशक (न्याय) बन बैठा था। इस पद के फर्जी नियुक्ति आदेश के माध्यम से वह क्षेत्र में रौब गांठता फिर रहा था। स्थानीय लोगों को संदेह होने पर एक आरटीआई एक्टिविस्ट ने विधि विभाग में आरटीआई दाखिल की, तो फर्जीवाड़ा सामने आया।


जांच में चौकाने वाली बात सामने आई कि जिस पद का नियुक्ति पत्र बनाया गया है, वह पद मध्य प्रदेश अभियोजन में अस्तित्व में ही नहीं है। शिकायत की जांच के बाद अरेरा हिल्स थाने में अमित तिवारी नाम के व्यक्ति के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी, धोखाधड़ी करने का अपराध दर्ज किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त जोन-2,आईपीएस मनोज कुमार ने बताया कि मई 2026 में विधि विभाग के अतिरिक्त सचिव आरपी गुप्ता के माध्यम से शिकायत मिली थी। जिसमें छह अप्रैल 2025 को जारी अमित कुमार तिवारी, अतिरिक्त निदेशक (न्याय), म.प्र. अभियोजन के फर्जी नियुक्ति आदेश की जांच की जाना थी। यह मामला विधि विभाग में आरटीआई कार्यकर्ता विवेक विश्वकर्मा के माध्यम से पहुंचा था। जांच के दौरान विधि और विधायी कार्य विभाग से प्राप्त प्रमाणित दस्तावेजों, अतिरिक्त सचिव आर.पी. गुप्ता एवं अवर सचिव शोभना रामटेके के बयान दर्ज किए गए। उससे पता चला कि अमित कुमार तिवारी (विधि और विधायी कार्य विभाग तथा गृह विभाग, मंत्रालय, भोपाल) नाम से फर्जी नियुक्ति आदेश बने हैं। इनमें फर्जी स्थानापन्न नियुक्ति आदेश, फर्जी सुरक्षा एवं फर्जी वेतन पर्ची (मासिक कुल वेतन 3,85.700/- रूपये एवं शुद्ध वेतन 3.32,700/- रूपये) कूटरचित तरीके से तैयार की गई हैं। अमित तिवारी ने प्रमुख सचिव नरेन्द्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त सचिव प्रवीण हजारे के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर, स्वयं को अतिरिक्त निदेशक(न्याय) के रूप में प्रतिरूपित किया। साथ ही इन कूटरचित दस्तावेजों को असली के रूप में प्रसारित व उपयोग किया गया है।

महिला आरक्षण संशोधन बिल ला सकती है सरकार

- **लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव**

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: संसद का शीतकालीन सत्र दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। इस सत्र में केंद्र सरकार महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पेश कर सकती है। इसके तहत परिसीमन के माध्यम से लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था लागू करना है। इसके लिए संविधान में संशोधन की तैयारी की जा रही है। हालांकि, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच विवाद बढ़ रहा है। इस मुद्दे पर राजनीतिक टकराव देखने को मिल सकता है। महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े प्रस्तावों पर भी संसद में चर्चा होने की संभावना है।

सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया, लश्कर कमांडर भी ढेर



नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के लारू इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया। इनमें लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर लतीफ भट और उसका साथी उमर शामिल है। दोनों पर पांच दिन पहले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर हमला करने का आरोप था। सेना के अनुसार, आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में करीब तीन घंटे तक मुठभेड़ चली, जिसमें दोनों आतंकी मारे गए। अभियान के दौरान आसपास के विद्यालयों से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार, लतीफ भट इस वर्ष कुलगाम और अनंतनाग में हुए कई हमलों में शामिल था। गौरतलब है कि 11 नवंबर को कुलगाम के नौपोरा अखरान में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने नाका ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवानों पर करीब 15 सेकंड में 30 गोलियां चलाई थीं। हमले में हेड कांस्टेबल सोमवीर और कांस्टेबल संतानो व राकेश दास घायल हुए थे। तीनों 46वीं बटालियन में तैनात हैं।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालु सुबह चार बजे से ही विभिन्न घाटों पर पहुंचने लगे थे। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में गंगा-यमुना सहित नदियों और तालाबों के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। दिल्ली में सूर्योदय के समय यमुना के घाटों पर करीब सवा लाख लोग मौजूद रहे। मोतिहारी केंद्रीय कारागार में भी छठ पर्व मनाया गया।

अमिताभ व अभिषेक को गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने दी चेतावनी



नईदुनिया ब्यूरो, लुधियाना: गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने अभिनेता अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन को जान से मारने की धमकी दी है। उसने सामाजिक माध्यम पर एक संदेश जारी कर दावा किया कि मुंबई में उसके करीब 200 साथी सक्रिय हैं। उसने चेतावनी दी कि बुलेटप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था भी उन्हें बचा नहीं पाएगी। गोल्डी ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस द्वारा उसके दो साथियों की गिरफ्तारी के बावजूद अमिताभ बच्चन को निशाना बनाने की साजिश प्रभावित नहीं हुई है। गौरतलब है कि अमिताभ बच्चन के घर पर गोलीबारी की योजना बनाने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने दो दिन पहले दो संदिग्ध निशानेबाजों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान जालंधर निवासी विकास ठाकुर और तरनतारन निवासी दीपक सिंह के रूप में हुई है।

ब्रिटेन के शाही दंपती तीन दिवसीय भारत दौरे पर, सचिन से मिले

प्रिंस विलियम ने खेला गली क्रिकेट, कल पीएम से मिलेंगे



नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई: ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन सोमवार को तीन दिवसीय भारत दौरे पर मुंबई पहुंचे। यहां क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रिंस विलियम और केट ने मुंबई के बल्लार्ड एस्टेट में गली क्रिकेट खेला। सचिन तेंदुलकर ने क्षेत्ररक्षण किया, जबकि एक बच्ची की गेंद पर प्रिंस विलियम बोल्ड हो गए। शाही दंपती 17 नवंबर को आयोजित होने वाले अर्थशॉट पुरस्कार समारोह में शामिल होगा। इसके बाद 18 नवंबर को दोनों दिल्ली जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विलियम और केट का यह दूसरा आधिकारिक भारत दौरा है। इससे पहले वे अप्रैल 2016 में भारत आए थे। मुंबई प्रवास के दौरान प्रिंस विलियम और केट ने विधान भवन मेट्रो स्टेशन से मेट्रो में यात्रा भी की। केट एक अस्पताल का दौरा करेंगी। दोनों शहर के लोगों से मुलाकात करने के साथ पर्यावरण संरक्षण और नई तकनीक से जुड़े कार्यों की जानकारी भी लेंगे। शाही दंपती मुंबई की फिल्म नगरी से जुड़े लोगों से भी मुलाकात करेगा।

सरगर्मी *इजरायल में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक खींचतान...*

नेतन्याहू ने की राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की पैरवी

यरुशलम, एजेंसी: इजरायल में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की पैरवी करते हुए कहा कि देश की मौजूदा चुनौतियों का सामना करने के लिए यही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी सरकार में उन सभी राजनीतिक दलों को शामिल किया जाना चाहिए, जो इजरायल को यहूदी लोगों का राष्ट्र मानते हैं। नेतन्याहू ने सामाजिक माध्यम पर जारी संदेश में कहा कि उनकी पार्टी लिकुड सरकार गठन की किसी भी स्थिति में अपने अति-धार्मिक यहूदी सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक शिक्षा यानी तोराह का अध्ययन करने वालों की स्थिति को सहयोगी दलों की सहमति से कानून के तहत मान्यता दी जाएगी।

यह बयान ऐसे समय आया है, जब एक दिन पहले लिकुड और गादी आइजनकोट की याशर पार्टी के प्रतिनिधियों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत हुई थी। हालांकि, इस चर्चा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। आइजनकोट को राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सरकार



बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। वे अति-धार्मिक यहूदी दलों के साथ भी बातचीत कर रहे हैं, लेकिन सैन्य भर्ती का मुद्दा दोनों पक्षों के बीच बड़ी बाधा बना हुआ है।

इजरायल में 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला था। 120 सदस्यीय संसद में नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक गठबंधन को 53 सीटें मिलीं, जबकि आइजनकोट के चार दलों वाले गठबंधन को 48 सीटें हासिल हुईं। अरब नेतृत्व वाले दलों ने 19 सीटें जीतीं। राष्ट्रपति हर्जोग ने पिछले सप्ताह आइजनकोट को सरकार बनाने का जनादेश दिया था। उन्हें अरब नेतृत्व वाले दलों सहित 67 सांसदों का समर्थन मिला, जबकि 46 सांसदों ने नेतन्याहू के पक्ष में समर्थन जताया। आइजनकोट के पास सरकार गठन के लिए 28 दिन का समय है। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें 14 दिन का अतिरिक्त समय भी मिल सकता है। उन्होंने अपनी प्रस्तावित सरकार में अरब नेतृत्व वाले दलों को शामिल नहीं करने की बात कही है।